प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

2025 – 26

हिन्दी (101)

कक्षा – 12

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक – 80

निर्देश . इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड अ और ब हैं। दोनों खण्डों में पूछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

**i.** प्रश्नों के उत्तर यथासम्भव क्रमवार दीजिए।

**ii.** प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

## खण्ड – अ

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

आज का युग विज्ञान और तकनीकी प्रगति का युग है, परंतु इस प्रगति के साथ साथ मानव ने प्रकृति के संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है. औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, वनों की कटाई, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन ये सभी मानवीय क्रियाएं पर्यावरणीय क्षति के मुख्य कारण बन गई है।

वनों की अंधाधुंध कटाई से जैव विविधता नष्ट हो रही है, जिससे अनेक जीव जंतु विलुप्त होने की कगार पर हैं। औद्योगिक धुआं, वाहनों का प्रदूषण और रासायनिक अपशिष्ट वायु, जल और मृदा को विषैला बना रहे हैं. नदियां प्रदूषित हो रही है, ग्लेशियर पिघल रहे हैं और जलवायु परिवर्तन का संकट गहराता जा रहा है। मानव अपने स्वार्थ में इतना डूब गया है कि उसे प्रकृति के संतुलन की चिंता नहीं रही। परिणामस्वरूप सूखा, बाढ, भूकंप, तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही है। यदि समय रहते पर्यावरण संतुलन की दिशा में ठोस कदम न उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियां एक असंतुलित और असुरक्षित पृथ्वी पर जीवन जीने को मजबूर होंगी। इसलिए आवश्यक है कि मानव विकास के साथ साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाये रखें। वृक्षारोपण, प्रदूषण नियंत्रण, जल संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा का प्रयोग ही हमें सुरक्षित भविष्य की ओर ले जा सकता है।

(क) पर्यावरणीय क्षति के प्रमुख कारण कौन कौन से हैं ? 2

(ख) वनों की कटाई से जैव विविधता पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 2

(ग) पर्यावरण संरक्षण के लिए किन उपायों की आवश्यकता है ? 2

(घ) जलवायु परिवर्तन का एक कारण लिखिए। 1

(ङ) पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए क्या करना चाहिए ? 1

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

(छ) प्रदूषण के दो प्रकार लिखिए। 1

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए। 8

(क) सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप

(ख) उत्तराखंड की लोक संस्कृति में नारी की भूमिका

(ग) कौशल विकास कार्यक्रम बेरोजगारी का समाधान

(घ) जल संरक्षण का महत्त्व

3. निम्नलिखित प्रश्न खंडों में से सही विकल्प का चुनाव कर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें – 1x 5 = 5

(क) पत्रकारिता का जनक किसे कहा जाता है ?

(i) गणेश शंकर विद्यार्थी
(ii) बाल गंगाधर तिलक
(iii) जुगल किशोर शुक्ल
(iv) भारतेंदु हरिश्चंद

(ख) फोटो पत्रकारिता का अर्थ है –

(i) फोटोग्राफी का अध्ययन
(ii) चित्रों के माध्यम से समाचार प्रस्तुत करना
(iii) फोटो की प्रदर्शनी लगाना
(iv) फिल्म का निर्माण करना

(ग) फीचर लेखन का मुख्य उद्देश्य है –

(i) समाचार देना
(ii) किसी विषय को रोचक ढंग से प्रस्तुत करना
(iii) विज्ञापन देना
(iv) आलोचना करना

(घ) जनसंचार के मुख्य माध्यम कौन कौन से हैं ?

(i) रेडियो, टीवी, समाचार पत्र, इंटरनेट
(ii) विद्यालय, बाजार, मंदिर
(iii) केवल रेडियो
(iv) केवल समाचार पत्र

(ङ) पत्रकारिता में लीड शब्द का अर्थ है –

(i) समाचार का आरंभिक भाग
(ii) समाचार का शीर्षक
(iii) विज्ञापन की छपाई
(iv) संपादकीय लेख

4. ''कौशलम् कार्यक्रम'' युवाओं को उद्यमशील और आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक कदम है इस विषय पर 150 शब्दों में एक आलेख लिखिए । 5

अथवा

विद्यालय में सम्पन्न हुई खेल प्रतियोगिता पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।

5. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी **एक** पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**(1)** जीर्ण बाहु, है शीर्ण शरीर,
तुझे बुलाता कृषक अधीर,
हे विप्लव के वीर !
चूस लिया है उसका सार,
हाड़– मात्र ही है आधार,
ऐ जीवन के पारावार !

(क) ''चूस लिया है उसका सार, हाड़ मात्र ही है आधार'' – इन पंक्तियों के माध्यम से कवि ने ग्रामीण जीवन के किस यथार्थ को व्यक्त किया है ? 2

(ख) ''हे विप्लव के वीर!'' कहकर कवि किसे पुकार रहा है और इस पुकार में कौन–सा सामाजिक संदेश निहित है ? 2

(ग) कवि और कविता का नाम लिखिए। 1

**(2)** बच्चे प्रत्याशा में होंगे,
नीड़ों से झांक रहे होंगे –
यह ध्यान परों में चिड़ियों के, भरता कितनी चंचलता है!
दिन जल्दी–जल्दी ढलता है!
मुझसे मिलने को कौन विकल ?
मैं होऊं किसके हित चंचल ?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता उर में विह्वलता है।
दिन जल्दी–जल्दी ढलता है!

(क) चिड़िया के परों में चंचलता क्यों भर आती है? इस चंचलता का कारण कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) कविता में 'विह्वलता' और 'चंचलता' नामक दो विपरीत भावों को दर्शाया गया है। कवि और चिड़िया के संदर्भ में इन भावों का अंतर स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' कविता के इस अंश में 'प्रत्याशा' का भाव किसमें दिखाई देता है? 1

6. निम्नलिखित कविता को पढ़कर उसका भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए – 2

'आंगन में ठुनक रहा है जिदयाया है

बालक तो हई चाँद पै ललचाया है
दर्पण उसे देख कर कह रही है माँ
देख आईने में चाँद उतर आया है।''

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2 X 2=4

(क) "कैमरे में बंद अपाहिज'' कविता में यह अवसर खो देंगे— पंक्ति में कौन से अवसर खोने की बात कही जा रही है? इससे मीडियाकर्मी के किस व्यवहार का पता चलता है ?

(ख) लक्ष्मण मूर्छित थे और संपूर्ण वातावरण में शोक छाया हुआ था तब हनुमान का आना करुण रस में वीर रस जैसा क्यों प्रतीत होता है ? ''लक्ष्मण मूर्छा और राम विलाप'' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ग) ) 'छोटा मेरा खेत' कविता में 'छोटा मेरा खेत चौकोना' किसे कहा गया है? कवि ने इस खेत का प्रयोग किस रचनात्मक प्रक्रिया को व्यक्त करने के लिए किया है?

8. निम्नलिखित गद्यांश में से किसी **एक** पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए – 2 X 3=6

(1) मैं सोचता हूँ कि पुराने की यह अधिकार— लिप्सा क्यों नहीं समय रहते सावधान हो जाती ? जरा और मृत्यु, ये दोनों ही जगत के अति परिचित और अतिप्रमाणिक सत्य हैं। तुलसीदास ने अफसोस के साथ इनकी सच्चाई पर मुहर लगायी थी ''धरा को प्रमान यही तुलसी जो फरा सो झरा, जो बरा सो बुताना'' मैं शिरीष के फूलों को देखकर कहता हूँ कि क्यों नहीं फलते ही समझ लेते बाबा की झड़ना निश्चित है! सुनता कौन है? महाकाल देवता सपासप कोड़े चला रहे हैं, जीर्ण और दुर्बल झड़ रहे हैं जिनमें प्राण कण थोड़ा भी ऊर्ध्वमुखी है, वे टिक जाते हैं। दुरंत प्राणधारा और सर्वव्यापक कालाग्नि का संघर्ष निरंतर चल रहा है। मूर्ख समझते हैं कि जहाँ बने हैं वहीं देर तक बने रहे तो काल देवता की आंख बचा जाएंगे। भोले हैं वे। हिलते— डुलते रहो, स्थान बदलते रहो, आगे की ओर मुँह किए रहो तो कोड़े की मार से बच भी सकते हो। जमे की मरे!

(क) तुलसीदास की उक्ति ''धरा को प्रमान यही तुलसी जो फरा सो झरा, जो बरा सो बुताना'' का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताइए कि ये 'जरा और मृत्यु' के किस सत्य को प्रमाणित करती हैं?

(ख) 'महाकाल देवता सपासप कोड़े चला रहे हैं' कथन में 'महाकाल देवता' कौन हैं? उनके कोड़े की मार से बचने के लिए किस प्रकार के व्यक्ति टिक जाते हैं और क्यों?

(ग) गद्यांश में 'दुरंत प्राणधारा और सर्वव्यापक कालाग्नि का संघर्ष' से क्या तात्पर्य है? इस संघर्ष में मूर्ख लोग क्या भूल करते हैं और लेखक बचने के लिए क्या उपाय सुझाते हैं?

(2) सेवक धर्म में हनुमान जी से स्पर्धा करने वाली भक्तिन किसी अंजना की पुत्री ना हो कर एक अनामधन्या गोपालिका की कन्या है— नाम है लछमिन अर्थात लक्ष्मी। पर जैसे मेरे नाम की विशालता मेरे लिए दुर्वह है वैसे ही लक्ष्मी की समृद्धि भक्तिन के कपाल की कुंचित रेखाओं में नहीं बंध सकी। वैसे तो जीवन में प्रायः सभी को अपने अपने नाम का विरोधाभास लेकर जीना पड़ता है पर भक्तिन बहुत समझदार है, क्योंकि वह अपना समृद्धि – सूचक नाम किसी को बताती नहीं। केवल जब नौकरी की खोज में आई थी, तब ईमानदारी का परिचय देने के लिए उसने शेष इतिवृत्त के साथ यह भी बता दिया पर इस प्रार्थना के साथ की मैं कभी नाम का उपयोग न करूं। उपनाम

रखने की प्रतिभा होती, तो मैं सबसे पहले उसका प्रयोग अपने ऊपर करती, इस तथ्य को वह देहातिन क्या जानें, इसी से जब मैंने कंठी माला देखकर उसका नया नामकरण किया तब वह भक्तिन – जैसे कवित्व हीन नाम को पाकर भी गद्‌गद हो उठी।

(क) 'लक्ष्मी' नाम भक्तिन के जीवन की किस सच्चाई से विरोधाभास रखता है? लेखिका ने ऐसा कहकर जीवन के किस सामान्य सत्य की ओर संकेत किया है ?

(ख) गद्यांश के आधार पर सिद्ध कीजिए कि भक्तिन एक 'समझदार' स्त्री थी। उसने अपना समृद्धि–सूचक नाम किसी को न बताने का आग्रह क्यों किया था?

(ग) 'सेवक की निष्ठा' पर पाँच पंक्तियों का अनुच्छेद लिखिए।

9. निम्न में से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2 X 2=4

(क) वैश्वीकरण के इस दौर में क्या भगत जी का चरित्र बाजार को सार्थकता और समाज में शांति स्थापित कर सकता है ?

(ख) बारिश कराने के लिए गाँव के बच्चों और गांव वालों द्वारा किए गए उपायों को आप कितना उचित मानते हैं ? 'काले मेघा पानी दे' पाठ के सन्दर्भ में तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

(ग) जाति प्रथा भारतीय समाज में बेरोजगारी और भुखमरी का एक कारण कैसे बनती रही है? क्या यह स्थिति आज भी है ?

10. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़कर किन्ही **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1 X 3=3

(क) 'सिल्वर वेडिंग' कहानी में यशोधर दत्त पंत पर किसके व्यक्तित्व का प्रभाव था और क्यों ?

(ख) मुअनजो–दड़ो की खुदाई में मिलें ''महाकुंड'' की संरचना का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(ग) आपके अनुसार बालक आनंदा की पढ़ाई दुबारा प्रारंभ करने में महत्वपूर्ण योगदान किसका था ? जूझ पाठ के आधार पर समझाइए।

(घ) बालक आनंदा को कविता लिखने की प्रेरणा किससे प्राप्त हुई ? क्या आपको भी कोई रचनात्मक कार्य करने की प्रेरणा किसी से प्राप्त हुई है ? वर्णन कीजिए।

11. 'अतीत में दबे पांव के आधार पर सिंधु घाटी की सभ्यता की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

जूझ कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए की प्रोत्साहन के शब्द व्यक्ति के जीवन की दशा और दिशा बदलने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। 4

## खण्ड 'ब'

12. निम्नांकित गद्यांश पठित्वा केवलं **त्रीन्** प्रश्नान् संस्कृत भाषायां पूर्णवाक्येन उत्तरत् – 1 X 3=3
(निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर केवल **तीन** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत के पूर्ण वाक्यों में दीजिए)

एकदा अनुजः स्वादु मांसम् आनीतवान्। किन्तु तस्य भक्षणात् अग्रजः उदरे महान्तं तापं अनुभूतवान्। अचिरात् एव तेन वमनं प्राप्तं अपि। अतः सः तस्मिन् एवं क्षणे 'इतः परं मया मान्स भक्षणं न करणीयं' इति संकल्पं अनुजं अवदत् – "भ्रातः! इतः परम् अहं कदापि मान्स भक्षणं न करिष्यामि"।

(क) एकदा अनुजः किम् आनीतवान् ?

(ख) अग्रजः तस्य भक्षणात् पूर्व उदरे किम् अनुभूतवान् ?

(ग) अग्रजः तस्मिन् एवं क्षणे किम् संकल्पम् अनुजम् अवदत् ?

(घ) 'कदापि' शब्दस्य अर्थः किम् ?

13. अधोलिखित श्लोकं पठित्वा **त्रीन्** प्रश्नान् पूर्णवाक्येन उत्तरत्। 1X3=3

(निम्न श्लोक को पढ़कर **तीन** प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए।)

विपदि धैर्यमथाभ्युदये क्षमा, सदसि वाक्पटुता युधि विक्रमः।

यशसि चाभिरुचिर्व्यसनं श्रुतौ, प्रकृति सिद्धिमदं हि महात्मानाम्।

(क) अभ्युदये महात्मानां का भावना भवति ?

(ख) सभायां महात्मनः कया शोभन्ते ?

(ग) महात्मनां कुत्र विशेषः स्नेहः भवति ?

(घ) 'सदसि' इत्यस्य कः अर्थः ?

14. अधोलिखित प्रश्नेभ्यः कोअपि **चत्वारि** प्रश्नान् संस्कृत भाषायां पूर्ण वाक्येन उत्तरत् – 2 X 4=8

(निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत भाषा में दीजिए।)

(क) कः मन्दं मन्दं स्तम्भस्य आरोहणं आरब्धवान ?

(ख) गोविन्दवल्लभपन्तस्य उच्च शिक्षा कुत्र सम्पन्ना अभवत् ?

(ग) केषाम् अचैतन्यं न विद्यते ?

(घ) 'धर्मात्मजः' इति पदं कस्मै प्रयुक्त ?

(ङ) अरुणाचलप्रदेशे रूपग्रामे कौ निवसतः स्मः ?

(च) प्रकृति समक्षम् अद्यापि कः वामनकल्पः अस्ति ?

15. निम्नान्कित शब्द सूचितः **त्रीणि** शब्दान् चित्वा तेषां वाक्यप्रयोग संस्कृतभाषायां कुरुत – 1 X 3=3

(निम्नलिखित शब्दों में से **तीन** शब्दों को चुनकर संस्कृत में वाक्य प्रयोग कीजिए)

**शब्द सूचीः** – अम्भोदाः, पिबति, शिक्षकः, अग्रजः, कुत्र, मम, स्पर्धा, एकदा

16. निर्देशानुसारं प्रश्नान् उत्तरत् – 1/2 X 6=3

(निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिये)

(क) 'महात्मा' अस्मिन् पदे समासं प्रयुक्तं अस्ति –

- **(i)** बहुब्रीहि
- **(ii)** कर्मधारय
- **(iii)** तत्पुरुष
- **(iv)** अव्ययीभाव

(ख) रेखांकित कारकः अस्ति –

- **(i)** कर्म कारक
- **(ii)** करण कारक
- **(iii)** अधिकरण
- **(iv)** संबन्ध कारक

(ग) 'नदी' शब्दस्य तृतीया विभक्तेः बहुवचनस्य रूपं अस्ति –

- **(i)** नदीः
- **(ii)** नद्याः
- **(iii)** नदीम्
- **(iv)** नदीभिः

(घ) लट् लकारः उत्तम पुरुष रूपम् अस्ति –

- **(i)** पठति
- **(ii)** पठसि
- **(iii)** पठन्ति
- **(iv)** पठामि

(ङ) 'मनः+रथः' अत्र संधिः भवति –

- **(i)** मनरथः
- **(ii)** मनोरथः
- **(iii)** मनःरथः
- **(iv)** मनमथः

(च) "रामः विद्यालयं गमिष्यति" अस्मिन् वाक्ये प्रयुक्त लकारः अस्ति –

- **(i)** लट् लकार
- **(ii)** लोट् लकार
- **(iii)** लुट् लकार

**(iv)** लङ् लकार

17. अस्मिन् प्रश्नपत्रे आगत श्लोकं विहाय पाठ्यपुस्तकात् कण्ठस्थ एकं श्लोकं लिखित्वा तस्य हिन्दी भाषायां अनुवादं कुरु। 4

(इस प्रश्न पत्र में आये श्लोक को छोड़कर अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ एक श्लोक लिखिये और उसका हिन्दी में अनुवाद कीजिये)